संख्या एनएस-एमआईएससी0ओटीएचआर/61/2024- एनपीसीएस (आरएनआई)

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
भारत के प्रेस महापंजीयक का कार्यालय
9 वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
https://prgi.gov.in

दिनांक : 10. 06.2026

2026 की परामर्शिका संख्या 12

विषय : स्वामित्व हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जाने के बारे में प्रकाशकों/स्वामियों के लिए परामर्शिका- के संबंध में

यह पाया गया है कि आवेदकों द्वारा प्रेस सेवा पोर्टल पर एकल स्वामित्व हस्तांतरण आवेदन के साथ अनेक शीर्षकों को उनकी संबंधित संस्करणों सहित प्रस्तुत किया जा रहा है।

2. इस संबंध में, सभी स्वामियों/प्रकाशकों की जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु एतद्द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि स्वामित्व हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित निदेशों का पालन किया जाए:

- एक स्वामित्व हस्तांतरण आवेदन केवल एक शीर्षक तथा उसके समस्त संस्करणों के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- आवेदकों द्वारा एक ही आवेदन में **अनेक शीर्षकों को सम्मिलित नहीं** किया जाना चाहिए, भले ही स्वामित्व एक ही संस्था/व्यक्ति से संबंधित हो।
- स्वामित्व हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित प्रत्येक पृथक शीर्षक तथा उसके समस्त संस्करणों के लिए पृथक आवेदन प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

3. आवेदकों से अनुरोध है कि कार्यवाही के दौरान आवेदन में विलंब, कमियों अथवा आवेदन अस्वीकृति से बचने हेतु प्रेस सेवा पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत करते समय उपर्युक्त निदेशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।

4. इसे प्रेस महापंजीयक के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(पामुला रत्नाकर)
(उप प्रेस महापंजीयक)